मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः23.05.2026

थाना को0शहर पुलिस द्वारा 06 वर्ष के गुमशुदा बालक को उसके परिवार को सकुशल किया गया सुपुर्द —

“ऑपरेशन मुस्कान” के तहत अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा गुमशुदा/अपहृता की सकुशल बरामदगी करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया था । उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना को0शहर के मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा 06 वर्ष के गुमशुदा बालक उमेश पुत्र बहादुर निवासी केटवपुरवा लच्छापट्टी थाना को0देहात मीरजापुर को सकुशल उसके माता अनीता देवी को सुपुर्द किया गया । परिजनो द्वारा बताया गया कि उक्त बालक सुबह खेलते हुए घर से कही चला गया था । परिजनों द्वारा गुम उपरोक्त बालक को पाकर मीरजापुर पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया गया ।

****